## स्टेशन के आसपास छलक रहे जाम, रोक-टोक नहीं

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर गोटेगांव के चारों ओर शायद ही ऐसा कोई कोना होगा जहां पर शराब के पैग ना बनते होंगे,हर जगह जाम बेखौफ छलकाए जा रहे हैं। शहर के सार्वजनिक स्थानों में इन दिनों सुहानी शाम से ढलती रात तक आसमाजिक तत्वों और शराबियों का जमवाड़ा लगा रहता है। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई आदि नहीं होने पर इसकी संख्या में दिन ब दिन इजाफा होता जा रहा है।

शाम होते ही आधी रात तक ऐसे स्थानों पर लोगों द्वारा बेखोफ होकर शराबखोरी की जा रही है। जिसमें युवाओं व किशोरों की संख्या काफी है। नशे के माहौल के कारण बच्चों में इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन इस पर न तो पुलिस विभाग और न ही आबकारी विभाग की ओर से रोकटोक की जा रही है। वहीं शराब की लत अपराध की दुनिया में प्रवेश कराने में भी काफी मदद करती है। जिसके कारण लोग अपने आप पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं और व्यक्तियों से दुर्व्यवहार करने को उतारू हो जाते हैं। यही कारण है कि समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, घरेलू हिंसा, महिलाओं की प्रताडना आम बात हो गई है। वहीं शराब के आदी लोगों को चाहे जहां शराब बडी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। शहर के प्रमुख स्थानों में शाम ढ़लते ही शराबी जाम से जाम टकराते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर अंधेरे का फायदा उठाकर राहगीरों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं।

बस स्टैंड के आसपास की कुछ दुकानों, टूटे-फूटे टपरों, शराब की दुकानों के आसपास और शासकीय कार्यालयों के आस-पास नशेडियों का जमघट लगा रहता है। अभद्र भाषा और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वाले इन बेवड़ों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं।जो नगर वासियों में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है और तो और नगर में शाम से लेकर रात्रि तक सड़कों पर भी शराबियों का पटरी बदल बदल कर चलना भी संदेह पैदा करता है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।संबंधित विभाग ध्यान दे।

### अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**पिपलानारायवार, देशबन्धु।** नगर के राम दरबार हिंन्दु संगठन के युवाओं ने पिपला नगर की शासकीय शराब दुकान ओर नगर के अनेक वार्डों में अवैध शराब बेची जा रही है शराब दुकान मे एम आर पी से ज्यादा किमत वसुल की जा रही है शराब दुकान के पास आहाता लगा है जो नियम के विरुद्ध है, शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्रता की जाती है आए दिन शराब दुकान में झगड़ा फसाद होता है और नगर के वार्ड क्रमांक 13,15 में और पांढुर्ना में रोड के मंदिर के पास शराब बिक्री हो रही है जो अवैध है इनके ऊपर भी कार्रवाई कर के शराब बिक्री बंद करी जाए युवाओं का कहना है कि गली मोहल्ले में शराब बिकने से नगर की महिलाओं,छात्र छात्राओं ओर बच्चों को परेशानी होती है वार्डों में असंतोष उत्पन्न हो रहा है। नगर वासियों की समस्या को दूर करने के लिए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन सौपते समय श्रावण महाराज बरखडे, मधुकर गायकवाड, उमेश गुहे, देवेन्द्र भालेराव, प्रविण माहेश्वरी, किशोर वाकोडे तुषार ठाकरे, उपस्थित थे।

## घर से गायब युवती को तीन माह बाद परिजनों ने खोजा, सात लाख में बेचने की थी तैयारी

### शादीशुदा युवक ने किया था अपहरण



**सिवनी, देशबन्धु।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में तीन महीने पहले एक शादीशुदा युवक एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर गांव से भगा ले गया। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पता चला कि युवक लड़की को 7 लाख रुपये में बेचने की तैयारी कर रहा था। सौदा नहीं हो पाया तो उसने लड़की की शादी करवा दी। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

घंसौर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने बताया कि जब पुलिस ने उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया तो उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की। इसके बाद भी पुलिस ने लड़की को ढूंढने की कोई कोशिश नहीं की। ऐसे व्यवहार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े किए हैं।

तीन महीने बाद लड़की ने अपने परिजनों को फोन किया और अपनी जानकारी दी। परिजनों ने जब उससे मुलाकात की तो उन्हें पता चला कि लड़की को 7 लाख रुपये में बेचने की योजना थी। सौदा नहीं हो पाने पर उसकी शादी घंसौर थाना क्षेत्र के ही एक गांव में करवा दी गई।

इस मामले की जानकारी मिलते ही घंसौर की अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नम्रता सिसोदिया ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने सूचना मिलने के 12 घंटे के अंदर लड़की को थाने में बुलवाया। मीडिया से बात करते हुए लड़की ने बताया कि उसे भगाने वाला युवक पहले से शादीशुदा है। उसने उसे गुजरात में 7 लाख रुपये में बेचने की कोशिश की। सौदा नहीं होने पर आरोपी युवक ने उसे अपने रिश्तेदार के यहां छोड़ दिया और उसकी शादी करवा दी। पुलिस अब गंभीरता से पड़ताल में जुटी हुई है।

## सार-समाचार

### उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत

**सौंसर, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास सौंसर के अधीक्षक माणिकराव जुनघरे को पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा, पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। श्री जुनघरे द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु चलाई जा रहीं शासन की वित्तीय सहायता योजना में उत्कृष्ट कार्य किया गया। सौंसर तहसील में प्रथम रहने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

### चड़ार समाज की बैठक 10 जून को

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के समीप मुंआर घाट पर स्थित मां नर्मदा मंदिर में 10 जून दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से चढ़ार समाज की बैठक का आयोजन पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार की उपस्थिति में किया गया है जिसमें आप सभी चढ़ार समाज की उपस्थिति प्रार्थनीय और वांछनीय है।कृपया पधारकर बैठक को सफल बनाने में अपना सहयोग करने की अपील समस्त चढ़ार समाज गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने की है।

### ब्रम्ह्माकुमारी सेंटर में पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**सौंसर, देशबन्धु।** सौसर नगर के वार्ड नंबर 15 गजानन कालोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेंटर में राजयोगिनी ब्रम्हकुमारी अनुराधा दीदी की अध्यक्षता में, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. गोपाल वंजारी ( पत्रकार) एवं शासकीय हाईस्कूल रझाड़ी पिपला की प्रिंसिपल ममता वंजारी की प्रमुख उपस्थिति में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सेंटर प्रमुख राजयोगिनी ब्रम्हकुमारी अनुराधा दीदी नें ईश्वरीय श्रृष्टि में पर्यावरण का महत्व बताते हुए एक पेड़ मां के नाम से लगाने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख मातेश्वरी जगदंबा के पुण्यस्मृति दिवस 24 जून तक वृक्षारोपण किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन बी.के. सारंग ने किया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साधक भाई बहन उपस्थित थे।

### बाइक सवार युवक को घायल कर भागा वाहन चालक

**सिवनी, देशबन्धु।** जिले के खमरिया गांव के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घंसौर थाना पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक, पहाड़ी निवासी 25 वर्षीय नील इनवाती रात में घंसौर से अपने गांव लौट रहा था। खमरिया गांव के पास उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल नील को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## डूंडा सिवनी पुलिस ने पहाड़ी से पकड़े 13 जुआरी, तीन फरार



### 50 हजार नकदी, वाहन समेत मोबाइल जब्त

**सिवनी, देशबन्धु।** जिले की डूंडा सिवनी पुलिस ने ग्राम कंजई के पास गेहरुटोला की पहाड़ी में चल रहे जुआ फड़ पर छापेमारी कर 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 50 हजार 200 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और एक त्रिपाल बरामद किया है। इसके अलावा एक कार, दो बाइक मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई।

थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने सुबह 1130 बजे बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर शनिवार रात 11.30 बजे कार्रवाई की गई। पकड़े गए जुआरियों में केसरी यादव, नितेश सूर्यवंशी, भीकम चंद्रवंशी, हरीराम यादव, रामस्वरूप मर्सकोले, बब्लू अहिरवार, शमशाद कुरैशी, अमर श्रीवास्त्री, शेख समीम, शंकर उईके, संजू कुमार काकोडिया, शेख रमजान और आकाश श्रीवास्त्री शामिल हैं।

तीन आरोपी घनश्याम गोस्वामी, गोविंद चंद्रवंशी और गोलू यादव फरार हो गए। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शेखर बघेल, सुंदर श्याम तिवारी समेत पूरी टीम शामिल रही।

## महाकाल ब्वॉयज को परास्त कर रॉयल चैलेंजर्स ने खिताब अपने नाम किया



**सिवनी, देशबन्धु।** बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं अवसाद व तनाव से मुक्ति और खेलप्रतिभाओ की खोज को दृष्टिगत रखते हुए एड. राज गोस्वामी एवं संजय बघेल के मार्गदर्शन व निर्देशन में समर वेकेशन में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टूर्नामेंट महामाया प्रीमियर लीग गवर्नमेंट पीजी कॉलेज भैरोगंज सिवनी के खेल मैदान 8 जून को फायनल मुकाबला जनपद सदस्य ठा. भीष्म प्रताप सिह, युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष एड. युवराज राहंगडाले, जनभागीदारी समिति के कॉलेज अध्यक्ष एड अजय बाबा पाण्डेय के मुख्य आथित्य में रायल चैलेंजर भैरोगंज टीम एवं महाकाल वाइस टीम के मध्य खेला गया, जिसमें रायल चैलेंजर टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 104 रन का विशाल स्कोर खडा किया, जिसे पाने में महाकाल बॉयज नाकाम रही। यह मैच 35 रन से जीतकर रॉयल चैलेंजर्स ने अपने नाम खिताब दर्ज किया। आतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया जाकर स्मृतिचिन्ह भेट किये गये ।

मैन ऑफ दा मैच-शिवांस, मैंन ऑफ दा सीरिज जयंत, बेस्ट बोलर तक्ष, बेस्ट बल्लेबाज जयंत को एवं विजेता-उपविजेता टीमो तथा एम्पायरों को ट्राफी और नकद परस्कार से सम्मानित किया गया। सभी मैचों मे एम्पायर की भूमिका एड. संजय ठाकुर, रीतेश ठाकुर एवं गोल्डी गोस्वामी ने निर्वहित किया, वही कमेन्ट्री का भार विक्रम सिह सिसोदिया और विवेक मिश्रा ने संभाला, जिसमे प्रदीप अग्रवाल, हरेश सदाफल, विवेक मिश्रा, पंकज ठाकुर,प्रमोद ताम्रकार, के.के.नागले, धन्नू ठाकुर, अमित ठाकुर, उमेश गोयल, देवेन्द्र ठाकुर यश बघेल, तथा सभी स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों का सराहनीय योगदान रहा।

## एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

**सौंसर, देशबन्धु।** एक पेड़ माँ के के नाम के 2.0 अभियान की शुरुआत दिन शनिवार को भाजपा कार्यालय परिसर सौंसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिनांक 5 जून से 15 अगस्त तक केंद्रीय भाजपा संघठन के द्वारा चलाये जा रहे इस विशेष अभियान में लाखो पेड़ लगाये जायेंगे। पार्टी संघठन ने सभी बूथों पर, प्रत्येक गांव, टोले, प्रत्येक मोहहलो में पेड़ लगाने का आव्हान किया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुये नगर भाजपा मंडल सौसर के द्वारा एक पेड़ मां के नाम उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड,भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे ,महामंत्री नरेंद्र कुकडे, उपाध्यक्ष भारती चंदनकर, भुवनेश्वरी पांडे, बुनकर समाज की वरिष्ठ कार्यकर्त्ता संगीता बर्वे, भाजपा के सक्रिय सदस्य संदीप भक्ते, शांताराम ददघाये, कविता सोमकुंवर उपस्थित थे।



## पिकअप वाहन से 6 भैंसें मुक्त कराई



**सिवनी, देशबन्धु।** जिले की घंसौर पुलिस ने शनिवार रात मवेशी तस्करों से 6 भैंसे मुक्त कराई। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया मुखबिर की सूचना पर टीम ने एक पिकअप वाहन एमपी 34 जी 1197) को पकड़ा। इसमें 6 भैंस को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाया जा रहा था।

शिकारा गांव के पास पुलिस ने पिकअप को रोकने का प्रयास किया। चालक वाहन नहीं रोककर भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया। रोका गांव में चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने बरामद मवेशियों को सुरक्षित गौशाला पहुंचाया। वाहन को थाना परिसर में रखा गया है। अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 09 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-विशाखा।**

मेष - आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप को संयमित व्यवहार करना पड़ेगा।

वृषभ - व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

## कृषि प्रधान देश के मुख्यमंत्री जी, क्या किसानों को मिलेगा न्याय : माकपा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जगदीश पटेल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के 9 जून को गाडरवारा आगमन को लेकर विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि माननीय का विगत दिनों कृषि उद्योग समागम नाम से नरसिंहपुर जिले में मेला लगा, जिसमें माकपा ने किसानों को न्याय मिलेगा, क्या प्रश्नचिन्ह लगाया था और हुआ वहीं भोले भाले किसानों के नाम पर उद्योगपतियों का विज्ञापन स्वरुप कार्यक्रम रह गया। क्या समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के आदेश देंगे।

आपका गाडरवारा में प्रथम नगर आगमन हो रहा है, इसमें पता नहीं किसानों के लिए कोई सौगात लायेंगे या नहीं जैसी कि तैयारी चल रही है। जिले में ही नहीं प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग जोरों पर ही नहीं किसान घुटनों के बल आकर आपके शासन में भीख मांगने मजबूर हो गया है।

**खरीदी हेतु प्रस्ताव तक नहीं भेजा**-प्रदेश सरकार ने गर्मी के मौसम में पैदा होने वाली मूंग की फसल पक कर मंडियों में आना शुरू हो गयी है, लेकिन अभी तक प्रदेश की भाजपा सरकार ने न तो मूंग उत्पादक किसानों का पंजीयन शुरू किया है और न ही मूंग खरीदी के संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है, जबकि पिछले साल 20 मई से पंजीयन का काम शुरू हो गया था। प्रदेशमें नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, देवास, रायसेन, विदिशा सहित 16 जिलों में मूंग की फसल पैदा होती है। पिछले साल 14.50 लाख हेक्टेयर में 20 लाख टन मूंग पैदा हुई थी। इस साल रकबे में 1.90 हेक्टर की वृद्धि हुई है और उत्पादन भी 21 लाख टन को पार कर जाने का अनुमान लगाया जा रहा ह। मगर चिंता की बात यह है कि भाजपा की मोहन यादव सरकार किसानों की लूट की व्यवस्था कर रही है।

मूंग का निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 8768 रुपए प्रति क्विंटल ह, जबकि मंडियों में किसान 6000 से 7000 के बीच मूंग बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। जाहिर है कि एक क्विंटल पर ही 1768 रुपये से लेकर 2768 रुपए की लूट हो रही है।

माकपा नेता ने कहा है कि इसका अर्थ यह है कि यदि 21 लाख टन ही पैदावार मान ली जाए तो इस लूट से किसानों की 3712 करोड़ रुपए से लेकर 5760 करोड़ रुपए की लूट भाजपा सरकार के संरक्षण में हो रही है।

मूंग खरीदी की जिम्मेदारी कृषि मंत्रालय की होती है, लेकिन प्रदेश के कृषि मंत्री किसी प्रकार की पहल ही नहीं कर रहे हैं। उधर केंद्रीय कृषि मंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के किसानों की लूट भी नहीं रोक पा रहे हैं।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मूंग उत्पादक किसानों की इस अकल्पनीय लूट को रोकने के लिए तुरंत सरकारी खरीद शुरू करने और एमएसपी पर किसानों की मूंग खरीदने की मांग की है। जिले में 4 विधायक जिनमें 2 मंत्री, 2 सांसद जिसमें 1 सत्ता के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बावजूद हर उपज में लुट रहा किसान।

गन्ना उत्पादक, धान, गेहूं, चना, अरहर, सोयाबीन जैसी सभी उपज के लिए किसान जबरजस्त तरीके से संघर्ष करता आ रहा है। ठेका प्रथा में मजदूर का शोषण हो रहा है। उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, लेकिन आपकी डबल इंजन की सरकार में कृषि उपज माफिया, शुगर माफिया, रेत माफिया, खनन माफिया, भू माफिया, शराब माफिया, जुआ सट्टा, नशा जैसे अनेक तरीके के माफियाओं का आतंक लूट खुलेआम हो रही है, जिसमें प्रशासन उनके आगे बोने साबित हो रहे हैं, क्या शासन सत्ता के जिम्मेवार लिप्त हैं। आपके आगमन के साथ मूंग खरीदी के कार्यक्रम की घोषणा की उम्मीद करते हैं, ताकि किसानों को हजार करोड़ की लूट से बचाया जा सके। उक्त जानकारी जगदीश पटेल,सचिव मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नरसिंहपुर द्वारा दी गई है।